# प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में होगी प्राकृतिक गैस की आपूर्ति

जासं, कानपुर : प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में अब बिना रुकावट प्राकृतिक गैस की आपूर्ति होगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यानी यूपीसीडा और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड यानी एचपीसीएल से हाथ मिलाया है। यूपीसीडा मुख्यालय, लखनपुर में बुधवार यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी और एचपीसीएल के महाप्रबंधक सीडीजी प्रोजेक्ट्स उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड क्लस्टर अनिल कुमार ने मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) यानी समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड से अधिकृत एचपीसीएल 3500 करोड़ रुपये की लागत से सिटी गैस वितरण के बुनियादी ढांचा प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित करेगा। इसी कड़ी में यूपीसीडा और एचपीसीएल के बीच करार हुआ है।